आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 05.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल ने देहरादून में उत्तर क्षेत्र के कुलपतियों के सम्मेलन को संबोधित किया, उच्च शिक्षा प्रणाली को तकनीकी नवाचारों के साथ जोड़ने पर दिया जोर।
- राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं को जल्द ही सस्ता गल्ला व्यापार से जोड़ेगी।
- अल्मोड़ा सड़क दुर्घटना के बाद सरकार ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस को सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया है।
- 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 12 से 15 दिसम्बर तक देहरादून में आयोजित की जाएगी।

कुलपति सम्मेलन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उच्च शिक्षा प्रणाली को तकनीकी नवाचारों के साथ जोड़ने पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा, इस तरह से ऐसे प्रगतिशील समाज की स्थापना की जा सकेगी, जो ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार पर आधारित होगा। राज्यपाल ने तकनीकी एकीकरण में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी समान अवसर देने पर जोर दिया। राज्यपाल आज देहरादून के एक निजी चिकित्सा विज्ञान संस्थान में आयोजित उत्तर क्षेत्र के कुलपतियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह दो दिवसीय सम्मेलन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा आयोजित की गया है, जिसमें नॉर्थ जोन के 100 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपति हिस्सा ले रहे हैं, जबकि कई कुलपति इस सम्मेलन में वर्चुअल रूप से जुड़े। राज्यपाल ने कहा कि आज उच्च शिक्षा का परिदृश्य एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। जैसे–जैसे वैश्विक परिवर्तन की गति तेज हो रही है, प्रौद्योगिकी हमारे जीने, काम करने और सीखने के तरीके को बदल रही है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को इन परिवर्तनों को अपनाने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। राज्यपाल ने कुलपतियों से आग्रह किया कि वे युवा पीढ़ी को 21वीं सदी में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक तकनीक और कौशल का ज्ञान और प्रशिक्षण दें।

राशन डीलर सम्मेलन

प्रदेश की महिलाओं को जल्द ही सस्ता गल्ला व्यापार से जोड़ा जाएगा। इसके लिए सरकारी स्तर पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ताकि महिलाएं भी आत्मनिर्भर होकर सरकारी राशन की दुकानों के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकें। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने हरिद्वार के बहादराबाद में प्रदेश भर के सरकारी सस्ता गल्ला व्यापारियों के प्रादेशिक सम्मेलन में यह बात कही। सम्मेलन के दौरान राशन विक्रेताओं ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखा, जिसमें प्रमुख रूप से लंबित लाभांश का भुगतान करने, बेचे जाने वाले राशन के लाभांश का भुगतान ऑनलाइन करने तथा राशन डीलरों का बीमा करवाने जैसी समस्यांए शामिल थीं। श्रीमती आर्या ने कहा कि सरकारी सस्ता गल्ला व्यापारियों के सम्मेलन में जो जायज मांगे रखी हैं उनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

उद्घाटन

केंद्र सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को स्थिर रखने के साथ–साथ किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में, उपभोक्ता, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज नई दिल्ली में भारत ब्रांड चावल और आटा योजना के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। भारत ब्रांड आटा 30 रूपये प्रति किलोग्राम और भारत ब्रांड चावल 34 रूपये प्रति किलोग्राम के मूल्य पर उपलब्ध है। उद्घाटन के बाद श्री जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ब्रांड चावल और आटा की बिक्री से किफायती दरों पर आपूर्ति बढ़ेगी और बाजार में इन आवश्यक खादय पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकेगा। भारत ब्रांड के उत्पाद केन्द्रीय भंडार, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ से खरीदे जा सकते हैं।

कृषि उपकरण खरीद

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि किसान स्वेच्छा से कहीं से भी कृषि यंत्र खरीद सकते हैं और इसमें विभाग हस्तक्षेप नहीं करेगा। किसानों को दिए जाने वाले कृषि यंत्र पैनल, बाजार से अधिक मूल्य पर कृषकों को दिए जाने के प्रकरण सामने आने के बाद कृषि मंत्री गणेश जोशी ने यह निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि किसान स्वतंत्र रूप से कहीं से भी कृषि यंत्र खरीदकर अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

राज्य स्थापना दिवस

आगामी नौ नवम्बर को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस सादगी के साथ मनाया जाएगा। पूर्व में सरकार ने राज्य स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अल्मोड़ा के मार्चुला में कल हुए भीषण सड़क हादसे के बाद सरकार ने राज्य स्थापना दिवस को सादगी से मनाने का निर्णय लिया है।

सचिवालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्वतीय क्षेत्रों में जहां अतिरिक्त बसें चलाने की आवश्यकता है, उसका आकलन किया जाए और आवश्यकतानुसार नए वाहन खरीदे जांए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों पर क्रैश बैरियर लगाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसे में घायल व्यक्तियों और मृतकों के प्रियजनों के साथ सरकार खड़ी है। श्री धामी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 8 नवंबर को प्रस्तावित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे और वाहन दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में पूरे राज्य में सेवा एवं स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो

10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो इस साल 12 से 15 दिसम्बर तक देहरादून में आयोजित की जाएगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज सचिवालय में इसके आयोजन को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक की और तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए। विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो के उत्तराखण्ड में आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने आयोजन के दौरान सभी आयुष हितधारकों, आयुर्वेदिक शैक्षणिक संस्थाओं, उद्यमों और राज्य एवं केन्द्रीय स्तर के संगठनों, औषधीय पौध क्षेत्र, आयुष हेल्थ केयर से जुड़े लोगों तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि अभी तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साढे चार हजार डेलिगेट्स आगामी वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं। पंजीकरण पन्द्रह नवम्बर तक किये जा सकते हैं। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस का लक्ष्य आयुर्वेद का वैश्विक स्तर पर प्रचार–प्रसार करना है। इस आयोजन में इस वर्ष देशभर से आयुष और आयुर्वेद क्षेत्र जुड़े प्रतिनिधियों, संस्थाओं, संगठनों, एनजीओ के साथ ही यूरोप, अफ्रीका, एशिया, लेटिन अमेरिका, नार्थ ईस्ट एशिया के विभिन्न देश प्रतिभाग करेंगे। 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो की थीम ''डिजिटल हेल्थ'' रखी गई है।

## पासपोर्ट सेवा

टिहरी जिले में दूर–दराज के पासपोर्ट आवेदकों को उनके घर के समीप ही पसपोर्ट सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से विकास भवन, नई टिहरी में बाईस और तेईस नवम्बर को पासपोर्ट मोबाईल वैन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, देहरादून की ओर से आयोजित इस कैम्प में नये और पुनर्निगमन श्रेणी के आनलाइन भरे गए पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस कैम्प में तत्काल श्रेणी, पीसीसी के लिए आवेदन और किसी अन्य कारण अथवा दस्तावेज की कमी के कारण पहले से रुके हुए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस दो दिवसीय कैम्प के लिए हर दिन 50 अप्वाइंटमेंट स्लॉट आनलाइन बुकिंग के लिए जारी किए जाएंगे। ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाइट ूण्चेंचवतजपदकपंण्हवअण्पद से किया जा सकता है।

## जल जीवन मिशन

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में जल जीवन मिशन योजना के कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फटकार लते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने को कहा। जिलाधिकारी ने अधूरे कार्यों को अभियान चलाकर तीन दिन के भीतर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कार्यों में अपेक्षित प्रगति नही आई तो संबंधित क्षेत्र के अभियंता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने दो दिन के भीतर जल संयोजन से छूटे परिवारों को जोड़ने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियंता प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के तहत धरातल पर जाकर स्वंय कार्यों की निगरानी करें और अधूरे कामों को जल्द पूरा करवाएं।